# Udaya Public School, Ayodhya
## Summative Assessment – 2 [2022-23]
**Time:3.00 hrs** **Class – VIII [Hindi]** **M.M. 80**

नोट– समस्त प्रश्न अनिवार्य है। लिखावट की स्वच्छता और वर्तनी की शुद्धता का ध्यान रखें।

खण्ड क

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5

समस्त ग्रन्थों एवं ज्ञानी, अनुभवी जनों का कहना है कि जीवन एक कार्यक्षेत्र है। हमें कर्म के लिए जीवन मिला है। कठिनाइयाँ एवं दुःख हमारे शत्रु हैं, जिनका हमें सामना करना है और उनके विरूद्ध संघर्ष करके हमें विजयी बनना है। विश्व के प्रायः समस्त महापुरूषों के जीवन वृत्त हमें यह शिक्षा देते है कि महानता का रहस्य संघर्षशीलता है। परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता पाने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। परिश्रम ना करने वाला अकर्मण्य असफल होने पर भाग्य को दोष देकर संतोष कर लेता है।

क– समस्त ग्रन्थों एवं अनुभवी जनों के अनुसार जीवन क्या है?
ख– किसके विरूद्ध संघर्ष करके हमें विजयी बनना है?
ग– विश्व के प्रायः सभी महापुरूषों के अनुसार महानता का रहस्य क्या है?
घ– किन मानवीय गुणों के कारण सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है?
ड– 'महापुरूष' शब्द का विग्रह कर समास का नाम लिखिए?

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5

वह शक्ति हमें दो दयानिधे, कर्तव्य मार्ग पर डट जाएँ,
पर–सेवा, पर–उपकार में हम, निज जीवन सफल बना जाएँ
छल, हृदय, द्वेष–पाखंड, झूठ से, निशदिन प्रभु हम दूर रहें,
जीवन हो शुद्ध सरल अपना, शुचि प्रेम सुधा रस बरसाएँ।

क– 'दयानिधे किसे कहा गया है?
ख– बच्चे किस मार्ग पर डट जाने की प्रार्थना कर रहे हैं?
ग– बच्चे किन–किन बुराईयों से दूर रहना चाहते है?
घ– बच्चे किस प्रकार का जीवन जीना चाहते है,
ड– बच्चे अपना जीवन किस प्रकार सफल बनाना चाहते हैं?

3. निम्नलिखित अतिलघु उत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5

क– योग का क्या अर्थ है?
ख– यूसुफ–अल फाखरी कहाँ चले गए थे?
ग– सात ऋषियों ने योग का प्रसार कहाँ–कहाँ किया?
घ– सुभाषचंद्र बोस का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
ड– गंगा के जल की क्या विशेषताएँ है?

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 10

क– व्यायाम क्यों जरूरी होता है? लेखक के अनुसार कौन–कौन से खेल भारत की परंपरा में रचे बसे हैं?
ख– सुभाष चन्द्र बोस ने किस फौज का गठन किया था? समाज सेवा से प्रेरित सुभाष बचपन में क्या करते थे?
ग– हैजा ग्रस्त गाँव में किशोर सुभाष ने क्या–क्या कार्य किए?
घ– नायिका के अनुसार वह स्वयं किसे सुसज्जित करके कहाँ भेज देती?
ड– मीरा के प्रभु कौन हैं? मीरा ने मोती मूँगे उतार कर क्या धारण कर लिया है?

5. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए– 2 ½

भागीदारी, तालिका, अग्रदूत, पथ–बाधा, सुसज्जित

6. अपने पाठ्य पुस्तक में से किसी भी कविता की चार पंक्तियाँ लिखकर उसका भावार्थ अपने शब्द में लिखिए। 2 ½

खण्ड ख

7. दिए गए वाक्यों में रेखांकित पदों का सही पद–परिचय लिखिए– 3

क– सच्चाई की सदा जीत होती है। ख– बंदर ने केला खाया।
ग– वह लड़का मेरा भाई है।

8. अर्थ के आधार पर दिए गए वाक्यों के प्रकार के लिए सही विकल्प चुनिए– 3

क– प्रज्ञा स्कूल की फीस जमा कर रही है।
1. आज्ञावाचक 2. विधानवाचक 3. निषेधवाचक 4. इच्छावाचक

ख– खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया।

1. निषेधवाचक 2. इच्छावाचक 3. संदेहवाचक 4. विधानवाचक

ग– पंखा बंद कर दो। कमरे में कोई नहीं है।

1. विधानवाचक 2. संकेतवाचक 3. आज्ञावाचक 4. निषेधवाचक

9. दिए गए कर्तृवाच्य को कर्मवाच्य में परिवर्तित करके लिखिए– 3

क– कल मैं विद्यालय जाऊँगी। ख– राम ने रावण को मारा

ग– तोता मिर्ची खाता है।

10. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए– 3

क– महादेवी वर्मा एक प्रसिद्ध कवि है। ख– बंदरों ने केला खाए।

ग– सोना महँगी है और चाँदी सस्ता है।

11. सही और गलत का चिह्न लगाइए– 3

क– बच्चा खेल रहे हैं– वाक्य में वचन संबंधी अशुद्धि है।

ख– देखो रो है रहा बच्चा'– वाक्य में पदों का क्रम सही है।

ग– श्रावणी अवश्य ही मेरे घर आएगी– वाक्य में कारक संबधी अशुद्धियॉ है।

12. नीचे मुहावरे और लोकोक्तियॉ दी गई हैं। इन्हें इनके उचित अर्थ से मिलाइए– 3

| | |
|---|---|
| क– गले मढ़ना | निश्चय पर स्थित रहने वाला |
| ख– काठ की हॉडी बार–बार नहीं चढ़ती | जबरदस्ती किसी को कोई काम सौपना |
| ग– अपनी–अपनी ढपली, अपना–अपना राग | चालाकी से एक बार ही काम निकलता है। |
| घ– धुन का पक्का होना | सबके विचार अलग–अलग होना |
| ङ– होनहार विरवान के होत चीकने पात | दिल की बात समझ लेना |
| च– उड़ती चिड़िया के पर गिनना | योग्य व्यक्तियों की योग्यता का परिचय बचपन में ही नजर आता है। |

13. नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं उनसे सम्बंधित लोकोक्तियॉ पहचानकर लिखिए– 3

ढ़पली, दरिया, मछली

14. दिए गए विराम चिह्नों के आगे उनका नाम लिखिए। 3

क– ! ख– " " ग– ? घ– 0 ङ– ; च– ^

15. निम्नलिखित पंक्तियों में आए अलंकारों को पहचानकर उनके प्रकार का नाम लिखिए– 3

क– विमल वाणी ने वीणा ली। ख– काजल की रेखा सी कतार है खजूर की।

ग– चरण कमल बंदउ हरिराई।

16. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 3

क– जनु, जानु, मनु, मानो, जैसे वाचक शब्दों का प्रयोग .................... अलंकार में होता है।

ख– वर्णो की आवृत्ति बार–बार होने वाले अलंकार को ................................ अलंकार कहते है।

ग– जिस वस्तु या व्यक्ति की तुलना की जाती है, उसे ........................ कहते है।

## खण्ड ग

17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए– 10

क– नियमित व्यायाम स्वस्थ्य सेहत की पहचान

ख– होली

ग– खेलकूद का महत्व

18. अपने प्रधानाचार्य जी को 3 दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

अथवा

आपकी छोटी बहन ने निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए उसे शुभकामना देते हुए पत्र लिखिए।

19. निम्नलिखित विज्ञापनों में से किसी एक विषय पर आकर्षक स्लोगन (शीर्षक) के साथ विज्ञापन तैयार कीजिएं। 5

क– एशियन पेंट्स

ख– अमूल चॉकलेट

ग– 'रिन' कपड़े धोने का साबुन